हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.).491001

ई मेल : exam@durguniversity.ac.in वेबसाइट : www.durguniversity.ac.in दूरभाष : 0788-2359100

क्र. 1608 /परीक्षा/कोर्सवर्क/2023 दुर्ग, दिनांक 25/02/23

//अधिसूचना//

विश्वविद्यालयीन अध्यादेश कमांक–45 के प्रावधानानुसार विश्वविद्यालय द्वारा पी–एच.डी. कोर्सवर्क परीक्षा सत्र ***2022–23*** की परीक्षा का आयोजन माह–मार्च 2023 में प्रस्तावित है, इस हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.durguniversity.ac.in के माध्यम से पी–एच.डी. कोर्सवर्क की परीक्षा हेतु परीक्षा आवेदन फार्म आमंत्रित किए जाते है, जिसकी तिथि निम्नानुसार अधिसूचित की जाती है:–

क्र.	विवरण	निर्धारित अंतिम तिथि
01	परीक्षा आवेदन ऑनलाईन माध्यम से शुल्क सहित जमा करने की तिथि	25.02.2023 से 03.03.2023 तक
02	परीक्षा आवेदन समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित संबंधित शोध केन्द्रों से अग्रेषित करवाकर पी–एच.डी. सेल, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) में जमा करने की अंतिम तिथि	06.03.2023 तक

परीक्षार्थियों को परीक्षा आवेदन की हार्डकॉपी निर्देशक, शोध केन्द्र से अग्रेषित कराकर ही विश्वविद्यालय के पी–एच.डी. सेल में दिनांक 06.03.2023 तक अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। संबंधित शोध केन्द्रों से अग्रेषित कराए आवेदन ही विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार किए जायेंगे।

1- परीक्षा शुल्क :–

- **परीक्षार्थी, परीक्षा आवेदन शुल्क के रूप में राशि रू. 300/– का भुगतान ऑनलाईन माध्यम से करेंगे।**
- **विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 15 फरवरी 2002 मे लिये गये निर्णयानुसार दृष्टिहीन परीक्षार्थियों को परीक्षा शुल्क से छूट दिया जावेगा।**
- **विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 17/11/2009 में पद क्रमांक 08 पर लिये गये निर्णयानुसार – "Blind, Physically Handicapped and dyslexic students appearing for the University Examination are permitted to use an amanuensis and shall be allowed an additional one- hour (6o minutes) time for each paper.**

2- परीक्षार्थियों के लिए निर्देशः–

- परीक्षार्थियों को कोविड–19 के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए शासन द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों का पालन करते हुए ऑनलाईन पद्धति से परीक्षा आवेदन करना होगा।
- परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.durguniversity.ac.in ⇨ Quick Links ⇨ Online Ph.D. Course Work Exam ⇨ Student Login कर नामांकन के समय उपयोग की गई यूजर आई.डी. एवं पासवर्ड का उपयोग कर परीक्षा फार्म भरेंगे।
- यदि परीक्षार्थी अपना आई.डी. अथवा पासवर्ड भूल गये हैं तो वे Forget Password के माध्यम से इसे पुनः प्राप्त कर सकते हैं।

क्रमशः–02.....

- परीक्षार्थियों को पी.एचडी. कोर्स वर्क के लिए शोध केन्द्र का नाम एवं शोध केन्द्र में प्रवेश की तिथि, पंजीकृत शोध छात्र हैं तो पंजीयन की तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य होगा।
- पीएच.डी. कोर्सवर्क के परीक्षार्थियों को अपने शोध निर्देशक एवं शोध केन्द्र प्रमुख से आवेदन अग्रेषित कराना अनिवार्य है।
- परीक्षार्थी की आई.डी. पर ऑनलाईन किए गये परीक्षा आवेदन की एक प्रति **Save** रहेगी जिसे वे आवश्यकता पड़ने पर कभी भी प्रिंट निकाल सकेंगे।
- परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन की एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखेंगे।
- यदि ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरते समय किसी प्रकार की समस्या आती है तो परीक्षार्थी विश्वविद्यालय के हेल्पलाईन नं. 9713387094/7225940167 पर फोन के माध्यम से अथवा onlinehelp@durguniversity.in पर ई–मेल कर समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

3- उक्त परीक्षा निम्नलिखित विषयों हेतु आयोजित की जावेगी–

1. हिन्दी	5. राजनीति विज्ञान	9. भौतिकी	13. रसायन शास्त्र
2. इतिहास	6. गणित	10.वनस्पति विज्ञान	14. प्राणीविज्ञान
3. माइक्रोबायोलॉजी	7. भूगोल	11. वाणिज्य	15. शिक्षा
4. अंग्रेजी	8. अर्थशास्त्र	12. समाजशास्त्र	–

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय

पृ.क्र. 1609/परीक्षा/कोर्सवर्क/2023

दुर्ग, दिनांक 24/02/23

प्रतिलिपिः–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदया के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़।
2. सचिव, उच्च शिक्षा, छत्तीसगढ़ शासन, महानदी भवन, मंत्रालय, नवा रायपुर।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय/तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर।
4. अधिष्ठाता छात्र कल्याण/वित्त अधिकारी/उ.कु.स. परीक्षा/अकादमिक/गोपनीय एवं पी–एचडी. शाखा, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
5. प्राचार्य, संबंधित समस्त शोधकेन्द्र हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
6. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
7. संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र/पत्रिकाएं दुर्ग/बेमेतरा/राजनांदगांव/कबीरधाम/बालोद को इस निवेदन के साथ कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्रों के आगामी अंक में छात्रहित को ध्यान में रखते हुए समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

उपकुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय